सार-समाचार

तहसीलदार को ज्ञापन दिया

बिसाऊ (निसं)। बिसाऊ के युवा पार्षद बसंत कुमार से चेजारा ने तहसीलदार सोनू आर्य के नाम आज एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में 6 सूत्री मांगों को रखा गया जिसमें वर्षों से मातृ शिशु कल्याण केंद्र बंद पड़ा है उसको पुणे चालू करवाने के लिए कस्बे में राजकीय जटिया अस्पताल में रिक्त पदों पर डॉक्टरों की नियुक्ति करवाने के लिए तथा अस्पताल में 108 एंबुलेंस सेवा चालू करवाई जाए वह है रोडवेज बसों का कस्बे के अंदर बना बस स्टैंड पर से संचालन किया जाए कस्बे की काफी समय से युवा वर्गों की मांग है कि उनके लिए खेल मैदान की व्यवस्था की जाए एवं जमीन आवंटित की राय यही नहीं पार्षद ने ज्ञापन में लिखा है कि 2017 .2 दिसंबर को गोचर भूमि विवाद मामले में दोषियों को बचाया गया और निर्दोष लोगों को फसाया गया था जिसकी पुणे निष्पक्ष जांच करवाई जाए इस अवसर पर बसंत कुमार के द्वारा पार्षद संजोग मिश्रा युसूफ अली नदीम पंकज जांगिड़ मुस्लिम विनोद शौकत अली परमेश्वर जितेंद्र हसन अली अब्दुल रहमान दीनदयाल फिरोज एवं रामस्वरूप उपस्थित रहे तथा मातृ शिशु कल्याण केंद्र के सामने विधायक का विरोध प्रदर्शन किया गया तथा विधायक के विरुद्ध नारेबाजी की गई इस अवसर पर बसंत कुमार ने कहा कि हमारा विधायक जनता की सुख सुविधाओं के लिए कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है जिससे कस्बे की जनता छोटी-छोटी बीमारियों को लेकर के चूरू झुझुनूं या सीकर की ओर जाना पड़ता है जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है आता है जल्द से जल्द अस्पताल में रिक्त पदों की भर्ती एवं 108 एंबुलेंस का पुणे चालू करवाने की कृपा करें।

अग्निपथ योजना के विरोध में सत्याग्रह

रतनगढ़ (निसं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर पीसीसी के निर्देशानुसार केंद्र सरकार की अग्नीपथ योजना के विरोध स्वरूप शांतिपूर्ण सत्याग्रह स्थानीय गढ़ परिसर के आगे जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान अध्यक्ष व प्रत्याशी भंवरलाल पुजारी के नेतृत्व में सैकडों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्वक सत्याग्रह किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पुजारी ने कहा कि केंद्र सरकार की अग्नीपथ योजना युवाओं पर कुठाराघात है जिसे देश की जनता स्वीकार नहीं करेगी! देश का युवा अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहा है केंद्र सरकार ने निजी करण के मामले में सेना को भी नहीं बख्शा है। कार्यक्रम को प्रभारी मनीष मक्कासर, वरिष्ठ नेता पूसाराम गोदारा, पीसीसी सदस्य रमेश चंद्र इन्दोरिया, चयनिका उनियाल, नरेश गोदारा ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि इन्द्राज खीचड, जिला महामंत्री रामनारायण व्यास, सरपंच संघ अध्यक्ष उमेद सिंह राठौड, ब्लॉक व देहात अध्यक्ष अरविंद चाकलान, भानीराम मेघवाल, पालिका उपाध्यक्ष शाहरुख खान, राजलदेसर पालिका उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश घिंटाला, गिरधारीलाल बांगड़वा, शशि कुमार गौड़, सुशील गौड़, राजेन्द्र बबेरवाल, राजेश गहलोत, अनिल सियोता जीतू, पुरुषोत्तम इन्दोरिया सहित उपस्थित रहे।

शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

रतनगढ़ (निसं)। भारत सरकार के निपुण भारत मिशन के अंतर्गत कक्षा एक से पांच के विद्यार्थियों के लिए बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आधारित शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ सोमवार को राजकीय बाजोरिया स्कूल में हुआ। सीबीईओ भंवरलाल डूडी के मुख्य आतिथ्य में हुए कार्यक्रम में शिविर प्रभारी एसीबीईओ विक्रमसिंह चौहान व संस्था प्रधान विशाल गुप्ता मंचस्थ अतिथि थे। मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन से शुरू हुए कार्यक्रम को वक्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि शिविर का उद्देश्य कक्षा एक से पांच में तीन से 9 वर्ष तक की आयु वर्ग के अध्ययनरत विद्यार्थियों को पढ़ने व लिखने में निपुण करना है। शिविर के माध्यम से संभागियों को दक्ष प्रशिक्षकों के द्वारा ऐसे विद्यार्थियों को साक्षर करने के साथ-साथ पढ़ने, लिखने व अंकों का ज्ञान करवाने के गुर सिखाए जाएंगे। दो सत्रों में चलने वाले छह दिवसीय गैर आवासीय शिविर में निलेश इंदौरिया, अंजू चौहान, ओमप्रकाश महर्षि, खींवाराम चौधरी, रणजीत नायक, मनीराम प्रशिक्षण देंगे तथा इस कार्य में महावीर सहारण, सुरेंद्र सिगड़, ओमप्रकाश महर्षि सहयोग दे रहे हैं। आरपी सुभाष सोनगरा के संचालन में हुए कार्यक्रम में 150 में से 147 संभागी उपस्थित रहे।

जमीनी विवाद को लेकर मारपीट, पांच घायल

झुंझुनूं, (निसं)। झुंझुनूं के मलसीसर थानान्तर्गत रामपुरा गांव में जमीन विवाद को लेकर परिवार के बीच ही झगड़ा हो गया। जिसमें पांच जने घायल हो गए। घायलों में एक महिला भी शामिल है। जानकारी के मुताबिक एक ही परिवार के बाबूलाल और सांवरमल के बीच काफी समय से जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। इसे लेकर पहले भी बाबूलाल व उसके परिवार पर सांवरमल व उसके परिवार ने हमला किया और मारपीट की। दो बाद बाबूलाल की ओर से थाने में रिपोर्ट दी गई। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। सोमवार सुबह एक बार फिर सांवरमल और उसके परिवार के सदस्यों ने बाबूलाल के घर में घुसकर लाठियों से हमला बोल दिया। जिसमें बाबूलाल, उसका भाई दूलीचंद, दूलीचंद की पत्नी रूकमणी, दूलीचंद के दो बेटे आनंद व हरिंद्र के चोटें आई है। जिन्हें मलसीसर से झुंझुनूं रैफर किया गया है।

लोडिंग टैंपों का टायर फटने से तीन घायल

झुंझुनूं, (निसं)। झुंझुनूं के ढिगाल टोल बूथ के समीप हुए हादसे में तीन जनें घायल हो गया। दरअसल हादसा टैंपों का टायर फटने से हो गया। जानकारी के मुताबिक सोनासर निवासी देवकरण पुत्र पितराम मीणा, उम्मेद पुत्र देवकरण तथा टैंपों चालक कालेरा की ढाणी निवासी प्रताप सीकर से टैंपों में गाय लेकर झुंझुनूं के भूरासर गांव आ रहे थे। इसी दरमियान ढिगाल टोल नाके के पास टैंपों का टायर फट गया। जिससे अनियंत्रित होकर टैंपों सड़क किनारे पेड से टकराया। मौके पर मौजूद लोगों ने तीनों घायलों को बीडीके अस्पताल पहुंचाया। जहां तीनों की हालत खतरे से बाहर है। हादसे में टैंपों में लाई जा रही गाय भी घायल हो गई।

चूरू में अग्निपथ के खिलाफ सत्याग्रह में सफाई कार्मिकों को बुलाने के बाद भी भीड़ नहीं जुटी

चूरू, (कासं.)। चूरू में कांग्रेस की ओर से आज अग्निपथ के खिलाफ किए गए सत्याग्रह में आयोजक भीड़ जुटाने में नाकाम रहे।

मिली जानकारी के अनुसार चूरू कलेक्ट्रेट के आगे किए गए सत्याग्रह में नगर परिषद में कार्यरत सफाई निरीक्षक, जमादार और सफाई कार्मिकों को लाने के बाद भी भीड़ नहीं जुट सकी। इससे यहां मौजूद पूर्व विधायक हाजी मकबूल मंडेलिया काफी असंतुष्ट नजर आए। इस दौरान उनका जी घबराने लगा तो वे अपनी गाड़ी में बैठ गए। उसके बाद भाषण देने के लिए आए और भाषण देकर वापस लौट गए। उनके साथ ही कांग्रेस के कई अन्य कार्यकर्ता भी चले गए। हाजी मकबूल मंडेलिया ने केंद्र सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि अग्निपथ योजना सेना की गरिमा और युवाओं के अरमानों को खत्म कर रही है।

यहां कांग्रेस नेता मुस्ताक खान ने कहा कि अग्निवीर योजना को वापस करवाने के लिए सभी कांग्रेसजनों को क्रांतिवीर बनना पड़ेगा। यहां राजस्थान प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं चूरू के प्रभारी अशोक कुलडिया, पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया, वरिष्ठ नेता मोहम्मद हुसैन निर्वाण, बीसूका के पूर्व जिला उपाध्यक्ष आशा राम सैनी, किसान नेता आदु राम न्योल, राजीव बहड़, रामनिवास सहारण, रमजान खान, नारायण बालान, अबरार खान, धर्मेन्द्र बुडानिया, रामप्रताप कांटिवाल, सोहनलाल मेघवाल, सुनिल मेघवाल, भंवरसिंह झारिया, शिवकुमार शर्मा सहित नगरपरिषद के कई कर्मचारी मौजूद रहे।

चूरू में कांग्रेस की ओर से अग्निपथ के खिलाफ किए गए सत्याग्रह में आयोजकों द्वारा भीड़ जुटाने के लिए नगर परिषद में कार्यरत सफाई निरीक्षक, जमादार और सफाई कार्मिकों को आने के लिए मजबूर किया गया।

कार्यक्रम का संचालन लिलाधर चुलैट एवं सद्दाम हुसैन ने किया। यहां चर्चा रही कि सत्याग्रह में भीड़ जुटाने का जिम्मा जिसके पास था, वे अपने काम में पूरी तरह से असफल रहे हैं। लोगों ने कहा कि कांग्रेस की सरकार होने के बावजूद नगरपरिषद क्षेत्र में पानी, बिजली, सड़क जैसी समस्याओं का भी समाधान नहीं होता है। इस कारण चूरू की जनता का मंडेलिया पर से विश्वास उठ गया है।

सत्याग्रह कार्यक्रम से जाते समय एक कांग्रेसी ने नाराज होकर कहा बताया कि पता चल जाएगा कि भीड़ कौन लाया था। उनकी नाराजगी किससे और क्यों थी, इस बात का अभी पता नहीं चल पाया है। कुल मिलाकर यहां आज सत्याग्रह में कांग्रेस की एकता की पोल खुलकर सामने आ गई। यहां मण्डेलिया के नेतृत्व में सत्याग्रह होने के कारण कांग्रेस के कई नेताओं ने इससे दूरी बना ली। कांग्रेस का आम कार्यकर्त्ता परेशान हो चुका है। यहां पार्षदों तक की कोई सुनवाई नहीं होती बताई। यही कारण रहा कि आज भीड़ नहीं जुट सकी।

यहां भाजपा नेताओं ने कहा है कि कांग्रेस सत्ता के मद में नगर परिषद कर्मचारियों को जबरदस्ती अग्निवीर योजना के विरोध के नाम पर धरने पर बैठने को मजबूर कर रही है। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बसन्त शर्मा, नगर परिषद में नेता प्रतिपक्ष विमला गढ़वाल, पार्षद मेघराज भार्गव, असलम डायर आदि ने नगर परिषद कर्मचारियों को अग्निवीर योजना के विरोध में धरने पर बैठने को मजबूर करने की निंदा की है।

युवक ट्रेन से कटा

चिड़ावा (निसं)। ट्रेन के नीचे आने से एक युवक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार जोधा का बास में गुजर रही रेलवे लाइन पर लुहारू की तरफ से आ रही जयपुर जा रही एक्सप्रेस ट्रेन के सामने आने से युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद करीब 20 मिनट तक ट्रेन रूकी रही। इस संबंध में मृतक के भाई ने मर्ग दी। जानकारी के अनुसार बृजलालपुरा निवासी संजय मेघवाल अचानक ट्रेन के आगे आ गया। हादसे में संजय की मौके पर ही मौत हो गई। जिसकी सूचना पाकर ग्रामीण एकत्र हो गए और पुलिस को सूचना देकर मौके पर बुलाया। हैड कांस्टेबल ओमप्रकाश, कांस्टेबल महेंद्र और चालक जोगेंद्र बराला ने ग्रामीणों के सहयोग से क्षत - विक्षत लाश व शरीर के टुकड़ों इस एकत्र कर राजकीय अस्पताल पहुंचाया। मृतक के भाई मुंशी ने मृग दी। अस्पताल मोर्चरी में डॉ. नरेंद्र तेतरवाल ने पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

लावारिस अजय कुमार की इलाज के दौरान मौत

झुंझुनूं, (निसं)। जिले के मंडावा नगरपालिका के पार्षद जाबिद मौम ने थाने में मृग रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि कस्बा मंडावा में लावारिश हालात में रहने वाले अजय कुमार की अचानक तबियत खराब होने पर दौराने इलाज के मौत हो गई है।

लोहिया महाविद्यालय में निःशुल्क मॉक इंटरव्यू का आयोजन

चूरू, (का. सं.)। राजकीय लोहिया महाविद्यालय में राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सह आचार्य पद के लिए चयनित अभ्यर्थियों के लिए मॉक इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। प्राचार्य दिलीप पूनिया ने बताया कि यह आयोजन महाविद्यालय की नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ के तत्वावधान में रखा गया है। इस साक्षात्कार में सबसे पहले बुधवार को कॉमर्स विषय के इंटरव्यू के लिए चयनित अभ्यार्थियों को आमंत्रित किया गया है एवं उसके बाद अन्य विषयों के भी मॉक इंटरव्यू करवाये जाएंगे, जो पूर्णतः निशुल्क होंगे। कार्यक्रम के आयोजक डॉ जेबी खान ने बताया कि इस साक्षात्कार में राजस्थान लोक सेवा आयोग में साक्षात्कार के समय किन किन बातों का ध्यान रखना है एवं विषय से संबंधित किस प्रकार के प्रश्न पूछे जाते हैं, उनके बारे में बताया जाएगा तथा जिस प्रकार आयोग में साक्षात्कार होता है उसी विधि का पालन किया जाएगा। डॉ महेंद्र खारड़िया ने बताया कि इस आयोजन की सफलता के लिए महाविद्यालय स्तर पर आयोजन समिति का गठन कर दिया गया है।

पानी निकासी की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू

सादुलपुर, (निसं)। नगरपालिका क्षेत्र राजगढ की ऐतिहासिक स्थल महाराणा प्रताप चौक वार्ड 03 व 04 में वर्षो से बरसाती पानी की निकासी की समस्या को लेकर सोमवार को नगरपालिका राजगढ कार्यालय के समक्ष अनिश्चिकालीन धरना शुरू कर पानी निकासी की मांग की है।

वार्ड 04 के पार्षद प्रतिनिधि ज्ञान प्रकाश सैनी, उम्मेद मालू, वार्ड 03 में पार्षद महेन्द्र पडिहार, श्रवण कोचर, पार्षद रामबाबू, पार्षद भागीरथ रैगर, पार्षद रामबाबू, पार्षद महेन्द्र दिनोदिया, पार्षद प्रतिनिधि विक्रम सांसी, उम्मेद कोचर, पार्षद प्रतिनिधि जीतू चांवरिया, प्रमोद दुग्गड, अजीत कोठारी, रजनीश सोनी, राकेश सैनी (ठेकेदार), संदीप घोडावत आदि नें धरने पर बैठकर विरोध प्रदर्शन करते हुए बताया कि महाराणा प्रताप चौक सादुलपुर में अरसों दराज से बरसाती पानी की निकासी की समस्या चली आ रही है। जबकि वार्डवासियों, जनप्रतिनिधियों द्वारा नगरपालिका प्रशासन से बरसाती पानी निकासी हेतु योजनाबद्ध तरीके से निकासी हेतु बार-बार लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन अभी भी उक्त निकासी योजना जस की तस है तथा मामूली बरसात से ही महाराणा प्रताप चौक का पानी भराव हो जाता है। जिसके कारण आवागमन भी बाधित हो जाता है। साथ ही बताया कि बताया कि नगरपालिका प्रशासन द्वारा बार-बार उक्त बरसाती पानी के निकास हेतु आश्वासन दिया गया, लेकिन आज तक पानी निकासी बाबत कोई भी योजना क्रियान्वित नहीं की गई है।

उद्घोषणा
न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश महोदय, क्रम सं.-1, राजगढ़ जिला चूरू
प्रा.पत्र संख्या 06 सन् 2022
राजेन्द्रसिंह आयु 52 साल पुत्र दानसिंह जाति राजपूत निवासी वार्ड सं. 06, हाल वार्ड सं. 07, ओसवाल पंचायत के पास, कस्बा राजगढ़ तहसील राजगढ़ जिला चूरू -प्रार्थी

बनाम
सर्वसाधारण
अप्रार्थी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र पेश किया है कि मृतक दानसिंह पुत्र टोरसिंह जाति राजपूत निवासी वार्ड सं. 06, हाल वार्ड सं. 07, शिवजी मंदिर के पास कस्बा राजगढ़ तहसील राजगढ़ जिला चूरू ने अपनी सम्पत्ति जो कस्बा राजगढ़ जिला चूरू के वार्ड सं. 06 हाल वार्ड सं. 07, मोहल्ला फतेहपुरिया में स्थित है में अपने हिस्सा की वसीयत दिनांक 20.11.2020 को प्रार्थी के पक्ष में पंजीबद्ध करवाई है। जिस वसीयत के आधार पर दानसिंह की मृत्यू होने के बाद प्रार्थी ने इस न्यायालय में लेटर्स ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र प्राप्त करने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 278 उतराधिकार अधिनियम के तहत पेश किया है।

उक्त प्रार्थना पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति, संस्था को कोई आपत्ति हो या कोई इस संपति में अपना हित रखता हो तो इस न्यायालय में दिनांक 18.07.2022 को उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। अन्यथा आपके खिलाफ एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रार्थना पत्र का निस्तारण कर दिया जावेगा।

आज दिनांक 18.05.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मोहर अपर जिला न्यायाधीश क्र.संख्या-1 राजगढ़ (चूरू)

आज्ञा से न्यायाधीश अपर जिला न्यायाधीश क्रम सं.-1 राजगढ़ (चूरू)

अग्निपथ योजना के खिलाफ विधायक डॉ. पूनिया के नेतृत्व में सत्याग्रह हुआ

सादुलपुर, (निसं)। सेना में भर्ती के लिए लाई गई अग्निपथ योजना के खिलाफ लोकप्रिय विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया के नेतृत्व में मिनीसचिवालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया गया। साथ ही योजना को वापस लेने की माँग की गई। इस दौरान विधायक निवास से एसडीएम मुख्यालय तक हजारों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया गया। सत्याग्रह के दौरान विधायक डॉ कृष्णा पूनिया ने कहा कि अग्निपथ योजना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है और युवाओं में इसके प्रति असंतोष है। विधायक डॉ पूनियां नें कम समय की भर्ती नीति को 'युवा विरोधी और राष्ट्र विरोधी' बताते हुए कहा कि इसे बिना चर्चा के लागू किया गया है। साथ ही विधायक डॉ. कृष्णा पुनिया ने मोदी सरकार के खिलाफ आक्रोश प्रकट करते हुए कहा कि युवाओं को प्रतिवर्ष दो करोड़ नौकरियां देने का झांसा देकर भाजपा सरकार केंद्र की सत्ता तक पहुंची है। मगर सत्ता पर आसीन होने के बाद युवाओं से किया गया वादा भूल चुकी है। उन्होंने ने कहा कि सेना में नियमित भर्तियां हो रही थी, जिसे भी बंद कर दिया गया। अब पूर्णकालिक के बजाय महज 4 साल की नौकरी के लिए 'अग्निपथ योजना' थोप दी गई है। जो देश की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाली यह योजना किसी भी सूरत में बर्दाश्त करने लायक नहीं है और हम सेना भर्ति में अग्निपथ योजना का पुरजोर विरोध करेंगे। इस दौरान नगरपालिका चेयरमैन रजिया गहलोत, नगर अध्यक्ष पवन सैनी, एडवोकेट सुरेश पूनियां, सीताराम प्रजापत, प्रवीण पूनिया, नरेंद्र पूनिया सुलखनिया, लाल मो. भियानी, हैदर अली पार्षद, लसेड़ी सरपंच संदीप पूनिया, शिक्षाविद्ध शिशुपाल पूनिया, सूरतसिंह रेंजर, प्रेम सरपंच, रामकुमार मुहाल, सूबेदार राजपाल पूनिया, जयसिंह सरपंच गुलपुरा, पूर्व सरपंच अशोक पूनिया, नाहर सिंह मेघवाल, सुरेंद्र महंत, सरपंच नीमां मानसिंह रेबारी, संजीव पूनिया, सरपंच कालानाताल चरणसिंह काजला, देवेंद्र ढाका, सरपंच प्रतिनिधि धर्मवीर कटारिया, महेंद्र गेट, रोहताश कड़वासरा, रामसिंह कस्वां भीमसना आदि सहित हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और युवा उपस्थित थे।

किसानों का मिनी सचिवालय के समक्ष धरना रहा जारी

सादुलपुर, (निसं)। नहर, बीमा क्लेम की माँग व सेनाभर्ति अग्निपथ योजना के खिलाफ किसानों का धरना छटे दिन चौनपुरा छोटा के हनुमान शर्मा की अध्यक्षता में जारी रहा। वहीं नौजवान सभा के नरेंद्र पूनियां ने कहा कि किसानों और नोजवानों की माँगों को लेकर किसान छः दिन से धरने पर बैठा है। मगर आज तक किसानों का बीमा क्लेम राज्य व केंद्र की सरकार नें रोक रखा है। उन्होंने कहा कि राज्य व केंद्र की सरकार में जिन जनप्रतिनिधियों कोचुन कर भेजा गया है, उनकी जवाबदेही बनती है कि वो बताये की बीमा क्लेम क्यों रुका हुआ है? उन्होंने कहा कि जब सावणी की फसल खराब हुई तब दोनों ही सरकारों के जनप्रतिनिधियों नें किसानों के खेत में जा कर आये थे, फसल खराबे का जायजा लिया था, लेकिन जब बीमा राशी देने का समय आया तब इन्होंने चुप्पी साध रखी है। किसानों का कहना है कि प्रशासन के अनुसार बीमा कंपनी ने क्रॉप कटिंग की जाँच के लिए पहले जिले में आपत्ति लगाई। जिला प्रशासन ने बिना आपत्ति की जाँच कर राज्य सरकार को आपत्ति भेज दी, राज्य ने केंद्र को भेज दी, केंद्र ने इस बात पर सहमति दे दी कि बीमा कंपनी मौषम को आधार मान कर बीमा क्लेम दे दे। लेकिन अब जिला प्रशासन कह रहा कि हम 15 दिन में तक क्रॉप कटिंग रिपोर्ट की जांच करवाएंगे।

पालिकाध्यक्ष का सम्मान किया

गुढागौडजी, (निसं)। कस्बे में सोमवार को सागर विला में गुढ़ागौडजी नगरपालिका के नवनिर्वाचित पालिकाध्यक्ष रामावतार दायमा का सम्मान किया गया। कार्यक्रम संयोजक रामस्वरूप सांखला ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता बाबूलाल दायमा ने की। मुख्य अतिथि फूलचंद खींची थे। कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष रामावतार दायमा को साफा पहनाकर व राम दरबार का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। पालिकाध्यक्ष रामवतार दायमा ने कहा कि मैंने अपने सरंपच कार्यकाल में निष्पक्ष कार्य किए हैं। लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट के प्रभारी दिनेश सांखला व ट्रस्ट उपाध्यक्ष हरिराम सैन द्वारा पालिकाध्यक्ष का सम्मान किया गया।

कार्यालय विकास अधिकारी, पंचायत समिति, पूगल(बीकानेर)

क्रमांकः-पंसपू/निविदा/2022/526-30 दिनांकः-23/06/22

अल्पकालीन निविदा सूचना

संख्या2022-23/ZBK2223A0010

नवसृजित पंचायत समिति पूगल में पन्द्रवां वित आयोग पंचायत समिति मद में स्वीकृत कार्य नवसृजित पंचायत समिति पूगल कार्यालय के अग्र भाग में बरामदा, बिजली, पानी एवं सैनेट्री फिटिंग कार्य पंचायत समिति पूगल कार्य लागत राशि 48.40लाख रूपये पंचायत समिति पूगल के सम्पादन हेतु केन्द्रीय/राज्य स्तरीय विभागों में पंजीकृत सक्षम फर्मो/व्यक्तियों/संवेदकों से ऑनलाईन पोर्टलhttps//eproc.rajasthan.gov.inके माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य का विस्तृत विवरण विभागीय वेबसाईट http//sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

निविदा आवेदन डाउनलोड/अपलोड करने की दिनांक एवं समय	:	24.06.2022 से 04.07.2022 दोपहर12.00बजे तक
ऑनलाईन निविदा जमा/अपलोड कराने की अंतिम दिनांक एवं समय	:	04.07.2022को दोपहर12.00बजे तक
निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि प्रोसेसिंग शुल्क भौतिक रूप से जमा कराने की दिनांक	:	04.07.2022को दोपहर 4.00बजे तक
निविदा खोलने की दिनांक	:	05.07.2022को दोपहर12.00बजे से लगातार

UBN is ZBK2223WSOB00010

विकास अधिकारी
पंचायत समिति पूगल

कार्यालय नगरपालिका मण्डल नवलगढ़ (झुन्झुनूं)

क्रमांकः-न.पा.न./भूमि/PSKS/2022-23/ दिनांकः-27.06.2022

आपत्तिय-विज्ञप्ति

यत् निम्न आवेदक द्वारा उनके सामने अंकित पट्टे बाबत इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किये है। वांछित स्वीकृति जारी करने से पूर्व इस संबंध में आपत्तिय-विज्ञप्ति का एतद् द्वारा प्रकाशन किया जाकर विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथि से 07 दिवस में आपत्तियां मय सबूत आमंत्रित की जाती है। बाद मियाद प्राप्त आपत्तिया पर कोई विचार नहीं होगाः-

क्र. सं.	नाम आवेदक/आवेदिका	ख.नं.	क्षेत्रफल (वर्गगज)	वांछित स्वीकृतियों का विवरण	सम्पति का विवरण जिसके संबंध में स्वीकृति चाही जा रही है मय वार्ड
1	सुनिल कुमार महला/करणीराम, दोरासर, झुंझुनूं	259	166.66 (आवासीय)	कृषि भूमि नियमन	शिवराज विहार कॉलोनी, नवलगढ़
2	धर्मवीर सिंह ढ़ाका/देवकरण सिंह ढ़ाका, ढ़ाका का बास, भगेरा, नवलगढ़	140/254	250.00 (आवासीय)	कृषि भूमि नियमन	नवलगढ़
3	पवन कुमार, मनीष कुमार/अशोक कुमार, झाबरडा /भोलाराम, सीता देवी चोबदार/अशोक कुमार जरिये मुख्त्यार मनीष कुमार, राजकुमार/प्रभुदयाल, हेमंत कुमार/खेमचन्द, सतवीर सिंह/रामेश्वरलाल, शेर मोहम्मद/महबूब वार्ड नं. 6, गणेशपुरा, नवलगढ़	280, 281 282, 283 525/282	2.59 है.	कृषि भूमि नियमन	दुर्जनपुरा
4	धर्मेन्द्र कुमार/रामोतार सिंह, बीदासर, लक्ष्मणगढ़	319	200.00 (आवासीय)	कृषि भूमि नियमन	दुर्जनपुरा
5	भंवरी देवी/बजरंगलाल सैनी, नवलगढ़	1878/1611	140.15 (आवासीय)	कृषि भूमि नियमन	नवलगढ़
6	राकेश पत्नी रामावतार सिंह, दुर्जनपुरा, नवलगढ़		128.00 (वाणिज्यिक)	नामान्तरण	घूमचक्कर से कृषि उपज मंडी ऐरिया
7	मधु सिंह/कर्मवरी सिंह माननगर, झुंझुनूं		1422.00	भू-उपयोग परिवर्तन	होटल ग्रान्ड हवेली के पास, नवलगढ़
8	बुधप्रकाश/भगवानाराम, भागोती देवी/बुधप्रकाश, वार्ड नं. 18 नायका का मोहल्ला, नवलगढ़	-	230.22 (आवासीय)	स्टेट ग्रान्ट	वार्ड नं. 18 नायका का मोहल्ला, नवलगढ़
9	रूकमणी देवी/जगन राम सैनी, वार्ड नं. 05 रावता की ढ़ाणी, नवलगढ़	-	293.01 (आवासीय)	स्टेट ग्रान्ट	वार्ड नं. 05 रावता की ढ़ाणी, नवलग
10	बजरंगलाल सैनी/बिडदीचन्द, भंवरी देवी/बजरंगलाल सैनी, डेरावाली ढ़ाणी, वार्ड नं. 4, नवलगढ़	-	331.00 (आवासीय)	स्टेट ग्रान्ट एक्ट	डेरावाली ढ़ाणी, वार्ड नं. 4, नवलगढ़
11	कन्हैयालाल/हरीराम, वार्ड नं. 17 वाल्मिकी बस्ती, नवलगढ़	2001/1845	265.45 (आवासीय)	69''क' पट्टा	वार्ड नं. 17 वाल्मिकी बस्ती, नवलगढ़

(अनिल कुमार)
अधिशाषी अधिकारी